भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

राजस्थान RAJASTHAN

AM 984779

NOTARY GOVT. OF INDIA HARIDUTT SHARMA ADVOCATE Bharatpur (Raj.) Reg. No.-12831

शपथपत्र

मैं महेश चन्द्र वाल्मीकी पुत्र श्री बीरबल उम्र 30 वर्ष जाति वाल्मीकी निवासी ग्राम बसेरी तहसील रूपवास जिला भरतपुर हाल निवासी आनन्द नगर भरतपुर (राज0) का हूँ। शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि राजस्थान विधान सभा के आगामी चुनावों में चुनाव क्षेत्र वैर जिला भरतपुर से विधायक का चुनाव लडने की मंशा रखता हूँ तथा अपने क्षेत्र के मतदाताओं को यह वचन देता हूँ कि यदि मतदाताओं ने मेरे द्वारा दिये गये निम्न वचनों पर विश्वास करते हुए मेरे पक्ष में मतदान करते हुए मुझे विधायक चुन लिया तो मैं:–

1. अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग से क्रिमिलेयर एवं सम्पन्न लोगों को बाहर करवाने के लिये कार्य करूँगा। यदि हमारी सरकार बनी या हमारे सहयोग से सरकार बनी तो निश्चित रूप से क्रिमिलेयर को बाहर करवाउंगा।
2. नौकरियों में जाति आधारित पदोन्नति में आरक्षण की अन्यायपूर्ण एवं असंवैधानिक व्यवस्था को दिनांक 01.04.1997 से समाप्त करवाकर संशोधित पदोन्नति सूचियॉं जारी करवाने के लिए कार्य करूँगा। यदि हमारी सरकार बनी या हमारे सहयोग से सरकार बनी तो निश्चित रूप से समाप्त करवाउंगा।
3. आरक्षण पीडितों के लिए रोजगार एवं शिक्षा के क्षेत्र में समता आन्दोलन समिति द्वारा सुझाई गई मुआवज/क्षतिपूर्ति योजना लागू करवाने के लिये कार्य करूँगा। यदि हमारी सरकार बनी या हमारे सहयोग से सरकार बनी तो निश्चित रूप से लागू करवाउंगा।
4. विधानसभा एवं लोकसभा के चुनावों में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित सीटों का आरक्षण बंद करवाकर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों द्वारा दी जाने वाली टिकटों में आरक्षण की व्यवस्था लागू करवाने के लिए कार्य करूँगा।
5. अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार अधिनियम के अधीन दर्ज करवाये गये मामलों में बिना जॉच के गिरफ्तारी पर रोक लगवाउंगा।

ATTESTED

6. अपने विधानसभा क्षेत्र में समता आन्दोलन समिति द्वारा बनाई जाने वाली विधायक सलाहकार परिषद की राष्ट्रवादी एवं विकासवादी सलाहों के अनुसार काम करूँगा।

उपरोक्त शपथपत्र की मूल प्रति राष्ट्रवादी संगठन समता आन्दोलन समिति के पास सुरक्षित रखवाई गई है ताकि सनद रहे वक्त जरूरत काम आवे। ईश्वर मेरी मदद करे।

हस्ताक्षर शपथग्रहिता

सत्यापन

मैं महेश चन्द्र वाल्मीकी पुत्र श्री बीरबल उम्र 30 वर्ष जाति वाल्मीकी निवासी ग्राम बसेरी तहसील रूपवास जिला भरतपुर हाल निवासी आनन्द नगर भरतपुर (राज0) शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र मैंने स्वविवेक और स्वसंज्ञान से राष्ट्रहित में जारी किया है जिसके बिन्दु कमांक एक से छः तक मेरी निजी जानकारी, ज्ञान एवं प्रतिबद्वता के आधार पर सत्य एवं सही है। ईश्वर मेरी सहायता करे।

ह0 सत्यापनकर्ता

नामः— **महेश चन्द्र वाल्मीकी**

पताः— **ग्राम बसेरी तहसील रूपवास जिला भरतपुर (राज0)**

साक्षी 1— हस्ताक्षर
(नाम, पता)
दिलीप कुलश्रेष्ठ
1-H-1 STC Hsg. Board
भरतपुर

साक्षी 2— हस्ताक्षर
(नाम, पता)
Identified by
अरविन्द शर्मा
227, फेज-1 न्यू पुष्प वाटिका
भरतपुर

NOTARY HARIDUTT ... GOVT. OF INDIA

ATTESTED
5/06/18
NOTARY PUBLIC
BHARATPUR (Raj.)